# भाषा से सम्बन्धित अध्यायवार प्रश्नकोश

**1.** हिन्दी किस भाषा–परिवार की भाषा है?
(a) भारोपीय (b) द्रविड़
(c) आस्ट्रिक (d) चीनी–तिब्बती

**2.** 'हिन्दी' भाषा का जन्म हुआ है –
(a) अपभ्रंश से (b) लौकिक संस्कृत से
(c) पालि–संस्कृत से (d) वैदिक संस्कृत से

**3.** निम्नलिखित में से कौन–सी बोली अथवा भाषा हिन्दी के अंतर्गत नहीं आती है?
(a) कन्नौजी (b) बांगरु
(c) अवधी (d) तेलुगू

**4.** हिन्दी की विशिष्ट बोली 'ब्रजभाषा' किस रुप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है?
(a) राजभाषा (b) तकनीकी भाषा
(c) राष्ट्रभाषा (d) काव्यभाषा

**5.** भारतवर्ष में हिन्दी को आप किस वर्ग में रखेंगे?
(a) राजभाषा (b) राष्ट्रभाषा
(c) विभाषा (d) तकनीकी भाषा

**6.** 'ढुँढ़ाड़ी' बोली है –
(a) पश्चिमी राजस्थान की (b) पूर्वी राजस्थान की
(c) दक्षिणी राजस्थान की (d) उत्तरी राजस्थान की

**7.** 'ब्रजबुलि' नाम से जानी जाती है –
(a) पंजाबी (b) मराठी
(c) गुजराती (d) पुरानी बांग्ला

**8.** निम्नलिखित में से कौन–सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?
(a) गुजराती (b) उड़िया
(c) मराठी (d) सिंधी

**9.** निम्नलिखित में कौन–सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(a) खड़ी बोली (b) ब्रजभाषा
(c) अवधी (d) पालि

**10.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि में हुआ?
(a) शारदा लिपि (b) खरोष्ठी लिपि
(c) कुटिल लिपि (d) ब्राह्मी लिपि

**11.** हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(a) गुरुमुखी (b) ब्राह्मी
(c) देवनागरी (d) सौराष्ट्री

**12.** वर्तमान हिन्दी का प्रचलित रुप है –
(a) अवधी (b) ब्रजभाषा
(c) खड़ी बोली (d) देवनागरी

**13.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छत्तीसगढ़ी बोली है –
(a) पूर्वी हिन्दी (b) पश्चिमी हिन्दी
(c) पहाड़ी हिन्दी (d) राजस्थानी हिन्दी

**14.** निम्नलिखित में से कौन–सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है?
(a) बुन्देली (b) ब्रज
(c) कन्नौजी (d) बघेली

**15.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है?
(a) 343-351 तक (b) 434-315 तक
(c) 443-135 तक (d) 334-153 तक

**16.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है?
(a) हैदराबाद (b) बंगलौर
(c) चेन्नई (d) मैसूर

**17.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन–सा है?
(a) पालि–प्राकृत–अपभ्रंश–हिन्दी
(b) प्राकृत–अपभ्रंश–हिन्दी–पालि
(c) अपभ्रंश–पालि–प्राकृत–हिन्दी
(d) हिन्दी–पालि–अपभ्रंश–प्राकृत

**18.** ब्रजभाषा है –
(a) पूर्वी हिन्दी (b) पश्चिमी हिन्दी
(c) बिहारी हिन्दी (d) पहाड़ी हिन्दी

**19.** 'मगही' किस उपभाषा की बोली है?
(a) राजस्थानी (b) पश्चिमी हिन्दी

EduBull.com

(c) पूर्वी हिन्दी (d) बिहारी

**20.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?
(a) मागधी (b) अर्द्धमागधी
(c) शौरसेनी (d) ब्राचड़

**21.** भाषा के आधार पर भारतीय राज्यों की पुनः संरचना की गई थी –
(a) 1952 ई. में (b) 1953 ई. में
(c) 1954 ई. में (d) 1956 ई. में

**22.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(a) पंजाब (b) जम्मू–कश्मीर
(c) राजस्थान (d) आंध्र प्रदेश

**23.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया?
(a) 15 अगस्त, 1947 ई. (b) 26 जनवरी, 1950 ई.
(c) 14 सितम्बर, 1948 ई. (d) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**24.** भारतीय संविधान में हिंदी भाषा को मान्यता कब प्रदान की गई?
(a) 14 सितम्बर, 1949 (b) 15 सितम्बर, 1949
(c) 14 सितम्बर, 1950 (d) 15 सितम्बर, 1950

**25.** हिंदी आकृति की दृष्टि से निम्नलिखित में से किस प्रकार की भाषा है?
(a) प्रश्लिष्ट योगात्मक (b) अयोगात्मक
(c) श्लिष्ट योगात्मक (d) अश्लिष्ट योगात्मक

**26.** 'कन्नड' का संबंध किस भाषा परिवार से है?
(a) आर्य भाषा परिवार (b) द्रविड भाषा परिवार
(c) देव भाषा परिवार (d) भारोपीय भाषा परिवार

**27.** हिंदी की आदि जननी क्या है?
(a) पालि (b) संस्कृत
(c) अपभ्रंश (d) प्राकृत

**28.** हिंदी भाषा की कितनी विख्यात बोलियाँ हैं?
(a) चार (b) दस
(c) आठ (d) पाँच

**29.** निम्नलिखित में से कौन भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है?
(a) मराठी (b) गुजराती
(c) मलयालम (d) हिन्दी

**30.** 'टकसाली भाषा' कहते हैं –
(a) संस्कृतनिष्ठ भाषा को (b) ग्रामीण भाषा को
(c) परिनिष्ठित भाषा को (d) कृत्रिम भाषा को

**31.** निम्नलिखित में भाषा की प्रमुख प्रकृति कौन–सी है?
(a) सरलता से क्लिष्टता की ओर
(b) जटिलता से सरलता की ओर
(c) भावों से विचारों की ओर
(d) विचारों से भावों की ओर

**32.** उकार बहुला बोली मानी जाती है –
(a) अवधी (b) भोजपुरी
(c) बघेली (d) छत्तीसगढ़ी

**33.** ध्रुपद गायन का संबंध किस भाषा से है?
(a) ब्रजभाषा (b) अवधी
(c) राजस्थानी (d) खड़ी बोली

**34.** भाषा की सार्थक लघुतम इकाई है –
(a) शब्द (b) पद
(c) ध्वनि (d) वाक्य

**35.** नीचे भाषा की चार विशेषताएं दी गई हैं। इनमें से जो एक गलत विशेषता है उसे चुनिए –
(a) भाषा परिवर्तनशील होती है
(b) भाषा पैतृक सम्पत्ति होती है
(c) भाषा सामाजिक सम्पत्ति होती है
(d) भाषा अनुकरण द्वारा सीखी जाती है।

**36.** किसी सीमित क्षेत्र में बोली जाने वाली स्थानीय भाषा को कहते हैं–
(a) राष्ट्रीय भाषा (b) राजभाषा
(c) बोली (d) उपभाषा

**37.** इनमें से कौन–सी राजस्थान की बोली नहीं है?
(a) मारवाड़ी (b) बुन्देली

EduBull.com

(c) मेवाती (d) मालवी

**38.** मैथिली बोली के लोकप्रिय कवि हैं –
(a) तुलसी (b) जायसी
(c) विद्यापति (d) नन्ददास

**39.** पश्चिमी हिन्दी की कितनी बोलियाँ हैं?
(a) 3 (b) 5 (c) 4 (d) 2

**40.** 'भोजपुरी' बोली की उत्पत्ति हुई है –
(a) अर्द्ध मागधी उपभ्रंश से (b) मागधी अपभ्रंश से
(c) शैरीसेनी अपभ्रंश से (d) ब्राचड़ अपभ्रंश से

**41.** हरियाणवी या बाँगरु बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?
(a) पश्चिमोत्तरी शौरसेनी अपभ्रंश
(b) अर्द्धमागधी
(c) नागर अपभ्रंश (d) मागधी

**42.** कर्त्ता के साथ 'ने' का प्रयोग न होना किस उपभाषा की प्रमुख विशेषता है?
(a) पूर्वी हिन्दी (b) पश्चिमी हिन्दी
(c) राजस्थानी हिन्दी (d) पहाड़ी हिन्दी

**43.** देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग किस राज्य में हुआ माना जाता है?
(a) महाराष्ट्र (b) उत्तर प्रदेश
(c) राजस्थान (d) गुजरात

**44.** देवनागरी लिपि में स्वर वर्णो की संख्या है?
(a) 11 (b) 12 (c) 13 (d) 14

**45.** 'संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी' यह संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है?
(a) अनुच्छेद 343 (b) अनुच्छेद 344
(c) अनुच्छेद345 (d) अनुच्छेद 346

**46.** संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत हिन्दी को संघ की राजभाषा का दर्जा मिला?
(a) अनुच्छेद343 (b) अनुच्छेद344
(c) अनुच्छेद345 (d) अनुच्छेद346

**47.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है –
(a) संघ की राजभाषा
(b) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(c) पत्राचार की भाषा
(d) हिन्दीभाषा के विकास सम्बन्धित निर्देश

**48.** देवनागरी लिपि की सबसे बड़ी विशेषता है –
(a) हिन्दी भाषा की लिपि होना
(b) प्राचीन लिपि होना
(c) अनेक भारतीय भाषाओं की लिपि होना
(d) सर्वाधिक वैज्ञानिक लिपि होना, एक ध्वनि के लिए एक संकेत होना।

**49.** निम्नांकित में से कौन सी विशेषता देवनागरी में नहीं है ?
(a) इसमें जैसा उच्चारण होता है, वैसा ही लिखा जाता है
(b) इसमें एक ध्वनि के लिए एक ही प्रतीक है
(c) इसमें शिरोरेखा का प्रयोग महत्वपूर्ण है
(d) विकास की दृष्टि से यह लिपि ब्राह्मी एवं खरोष्ठी की समकालीन है।

**50.** 'देवनागरी लिपि' मूलतः क्या है?
(a) वर्णात्मक (b) अक्षरात्मक
(c) चित्रात्मक (d) प्रतीकात्मक

# ANSWER KEY (chk)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (a) | 3. (d) | 4. (d) | 5. (a) | 6. (b) | 7. (d) |
| 8. (c) | 9. (d) | 10. (d) | 11. (c) | 12. (c) | 13. (a) | 14. (d) |
| 15. (a) | 16. (c) | 17. (a) | 18. (b) | 19. (d) | 20. (c) | 21. (d) |
| 22. (d) | 23. (c) | 24. (a) | 25. (c) | 26. (b) | 27. (b) | 28. (d) |
| 29. (c) | 30. (c) | 31. (b) | 32. (a) | 33. (a) | 34. (a) | 35. (b) |
| 36. (c) | 37. (b) | 38. (c) | 39. (b) | 40. (b) | 41. (a) | 42. (a) |
| 43. (d) | 44. (a) | 45. (a) | 46. (a) | 47. (d) | 48. (d) | 49. (d) |
| 50. (b) | | | | | | |

EduBull.com